हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

13 नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप ...



14 गणपति उत्सव में राधा-कृष्ण व हनुमान जी की झांकियों ने बांधा समां ...



### बावल व धारूहेड़ा में भी आमजन को किया जा रहा जागरूक

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए तीन दिन से सड़कों पर अधिकारी

**डीसी अभिषेक मीणा अधिकारियों के साथ रोजाना शहरी क्षेत्र का कर रहे पैदल दौरा, वीरवार को बाजार में बहता मिला सीवर का गंदा पानी, ट्रामा सेंटर के पास से कचरा उठवाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी







रेवाड़ी। मेन बाजार का निरीक्षण करते डीसी व सड़क पर बहता सीवर का पानी, ट्रामा सेंटर के पास से कचरे का उठान करवाते डीसी, बावल कस्बे का निरीक्षण करते हुए एसडीएम बावल मनोज कुमार। फोटो :हरिभूमि

म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत जिला प्रशासन आमजन के सहयोग से स्वच्छता की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा तीन दिन से रोजाना प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहरी क्षेत्र का दौरा करके जहां व्यवस्था प्रबंधन पर ध्यान दे रहे हैं, वहीं निरीक्षण के दौरान लोगों से सफाई अभियान में सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। डीसी मीणा ने वीरवार की सुबह एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ अंबेडकर चौक से धारूहेड़ा चुंगी, झज्जर चौक से नाईवाली सब्जी मंडी तथा बाजार में मोती चौक से झज्जर चौक तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाजार में सीवर ओवरफ्लो का गंदा पानी बहता मिला, जिसकों लेकर सफाई के निर्देश दिए गए, वहीं नाईवाली सब्जीमंडी व ट्रामा सेंटर के पास जमा कचरे को मौके पर ही उठवाया गया। डीसी ने कहा कि सामूहिक जनभागीदारी से ही शहरी क्षेत्र में सौंदर्यकरण व सुधारीकरण किया जा सकता है। आगामी 7 नवंबर तक चल रही 11 सप्ताह की स्वच्छता मुहिम के माध्यम से सभी को जीवन पर्यंतस्वच्छता अपनाने का संदेश मिलेगा।

### आमजन स्वच्छता दूत की भूमिका निभाएं

डीसी ने बताया कि अभियान के तहत रोजाना रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा शहरी क्षेत्र के हर घर, हर मोहल्ले व वार्ड तक प्रशासन सामाजिक, धार्मिक व गणमान्य लोगों के साथ मिलकर स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थलों पर व्यवस्थित रूप से स्वच्छता दूत बनते हुए सफाई अभियान को मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जिले का प्रत्येक नागरिक स्वच्छता दूत की भूमिका निभाकर मुहिम में सहयोगी बनें।

### कूड़ा करकट न फैलाएं दुकानदार

डीसी ने शहरी क्षेत्रों के लिए नियुक्त अधिकारियों को सफाई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का नियमित जायजा लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिलने वाली कमियों को दूर करने के साथ ही आमजन को सफाई बनाए रखने में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि शहरी निकाय के अधिकारी मार्केट में दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों को अपने प्रतिष्ठान के बाहर कूड़ेदान रखवाने की व्यव्स्था कराएं।

डीसी ने कहा कि फिर भी यदि कोई कूड़ा करकट फैलाता है तो उसे पहले नोटिस दिए जाएं और फिर भी यदि कूड़ा करकट फैलाया जाता है तो संबंधित का चालान किया जाए। बावल में एसडीएम मनोज कुमार व धारूहेड़ा में एसडीएम सुरेश कुमार स्वच्छता को लेकर जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। आमजन को सडक पर कचरा न फैलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने पर पुलिस ने 5 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों पर केस दर्ज किया था। इस मामले में महेंद्रगढ़ के चंदपुरा निवासी नितिश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** आर्थिक अपराध शाखा ने धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत 4 जून को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कायस्थवाड़ा निवासी ललित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### जीआरपी ने दर्ज किया स्नैचिंग का केस

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपटने का केस दर्ज किया है। दिल्ली सराय रोहिल्ला जीआरपी को दर्ज शिकायत में राजस्थान के भगत की कोठी निवासी आशा देवी ने बताया कि वह ट्रेन से दिल्ली जा रही थी। लोहारू स्टेशन पर रुकने के बाद जैसे ही ट्रेन रेवाड़ी के लिए रवाना हुई, एक युवक ने उसके गले से सोने की झपट ली। सराय रोहिल्ला से मिली जीरो एफआईआर के आधार पर जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। गत 5 अगस्त को कार की चपेट में आकर एक बाइक सवार घायल हो गया था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कुतुबपुर निवासी वरुण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाली ईको कार को कब्जे में ले लिया। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पोक्सो एक्ट का आरोपी चढ़ा हत्थे

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 27 अगस्त को केस दर्ज किया था। पीड़िता का सामान्य अस्पताल से मेडिकल कराया गया था। शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए थे। इस मामले में पुलिस ने महेंद्रगढ़ के जौनावास निवासी वेदप्रकाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर गत 24 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नंदरामपुर बास निवासी अभिषेक, कमल और रामसिंह को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद तीनों को रिहा कर दिया गया।

# दो बच्चों सहित चार को और लगा एडीज का डंक

**सीजन में 107 पर पहुंचे डेंगू के केस**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

अगस्त माह समापन की ओर चल रहा है और जिले में डेंगू के मामले तेजी से बढ़ रहे है। नगर परिषद की ओर से प्रत्येक वार्ड में फोगिंग कार्य कराने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अब डेंगू केस मिलने वाले स्थानों पर ही फोगिंग की जा रही है। नगर परिषद की सुस्ती के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने के साथ डेंगू के केस लगातार बढ़ रहे है। बरसात से हुए जलभराव के बाद मच्छरों की संख्या भी ज्यादा हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की डेंगू की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास करने में लगा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू केस मिलने पर मरीजों को मच्छरों से बचाव के लिए कीटनाशक मच्छरदानी भी दी जा रही है। वीरवा को जिले में दो बच्चों सहित 4 डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिलने से सीजन में आंकड़ा 107 पर पहुंच गया है। बुधवार को गांव सहारनवास में 6 वर्षीस बच्चा व 9 वर्षीय बच्ची, मॉडल टाउन में 17 वर्षीय किशोर व गुलाबी बाग में 29 वर्षीय युवक डेंगू पॉजिटिव मिला है। सीजन में अब तक 10 मलेरिया के केस मिल चुके है। डेंगू के मामलों में अभी तक शहर में 36, सीएचसी गुरावड़ा में 6, सीएचसी मीरपुर में 6, सीएचसी बावल में 26, सीएचसी खोल में 30 व नाहड़ सीएचसी के अर्न्तगत 3 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।



रेवाड़ी। गुलाबी बाग में डेंगू मरीज के लिए मच्छरदानी देते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

**बचाव के लिए सावधानी बरते नागरिक**



डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे बचाव के लिए लोगों को अपने घरों व आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। घरों में रखे बर्तनों, टायरों, गमलों व कूलर की सफाई करते रहे। स्वास्थ्य विभाग लोगों को लगातार जागरूक कर रहा है, लेकिन लोगों को भी डेंगू के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। हर बुखार डेंगू नहीं होता है, इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। डेंगू के लक्षण मिलने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

-डा. अमित यादव, जिला मलेरिया अधिकारी।

# युवक से मारपीट मामले में सात आरोपी काबू पुलिस ने स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल मूंदी

गत 22 अगस्त की रात नांगल मूंदी में एक होटल के पास युवक से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। आरोपियों को वीरवार को कोर्ट में पेश कर दिया गया। मारपीट में घायल मूंदी निवासी अनिल कुमार ने पुलिस बयान में बताया था कि वह 22 अगस्त को रात के समय होटल पर खाना लाने के लिए गया था। होटल के पास एक स्कॉर्पियो गाड़ी उसके पास आकर रुकी। गाड़ी से उतरे कई लोग लाठी-डंडों से लैस थे। इन लोगों ने पहले उससे सरपंच के बारे में पूछताछ की। उसके बाद उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। काफी देर तक मारपीट करने के बाद आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। अनिल ने आरोप लगाया था कि कुछ लोग सरपंच से एक प्रस्ताव पास कराने का प्रयास कर रहे थे। उसके सरपंच के साथ अच्छी संबंध होने के कारण प्रस्ताव पास नहीं होने से आवेश में आकर उसे गुस्से का शिकार बनाया गया। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

**इन आरोपियों को किया गिरफ्तार**

थाना खोल पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद मूंदी निवासी अमित, राहुल, सन्तोष कुमार, सचिन, पिन्कू उर्फ विकास, बन्टी उर्फ साहिल, सरजीत व अनुज उर्फ मनीष को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

# शराब के नशे में धुत मिला स्कूल बस चालक, केस

**पुलिस ने आरोपी चालक को किया गिरफ्तार**

■ प्राइवेट स्कूल बसों से बार-बार होने वाले हादसों को टालने के लिए नियमित रूप से चेकिंग भी की जाती है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बावल



स्कूल बसों से होने वाले हादसों से चालक सबक नहीं ले पा रहे हैं। बावल थाना पुलिस ने बनीपुर के एक प्राइवेट स्कूल की बस के चालक को नशे में वाहन चलाते हुए पकड़ लिया। उसे गिरफ्तार करने के बाद केस दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार एक प्राइवेट स्कूल का चालक नशे में बस चला रहा था। गनीमत यह है कि बस में स्कूली बच्चे सवार नहीं थे। चालक को काफी नशा हो रहा था। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर चालक को काबू कर लिया। बस संचालक को भी सूचना दी गई। बाद में आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। प्राइवेट स्कूल बसों से बार-बार होने वाले हादसों को टालने के लिए नियमित रूप से चेकिंग भी की जाती है, परंतु इसके बावजूद कुछ बस चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आते।

# संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाएं व्यापारीः एसपी

■ एसपी ने ज्वेलर्स एसोसिएशन मार्केट एसोसिएशन, आईएमए, आढतियों तथा होटल संचालकों के साथ अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



रेवाड़ी। एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते एसपी मीणा। फोटो :हरिभूमि

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अपराधों और अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आमजन और पुलिस प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। पुलिस अपना काम कर रही है, इसके साथ-साथ आमजन का सहयोग मिले तो अपराधों को रोकना और भी आसान होगा। एसपी मीणा वीरवार को ज्वेलर्स एसोसिएशन, मार्केट एसोसिएशन, आईएमए, आढ़तियों तथा होटल एसोशिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों व सदस्यों की समस्याएं तथा सुझाव सुने। उन्होंने कहा कि अपने जानमाल की सुरक्षा हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाएं और उनके डीवीआर को दुरूस्त रखे। समय-समय पर उनकी जांच करते रहें और अगर कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी किए उसकी मरम्मत कराए। सीसीटीवी का कम से कम 90 दिन का बैकअप अवश्य रखें। सीसीटीवी की डीवीआर को ऐसी जगह रखें, जहां आसानी से न पहुंचा जा सकें। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी गार्ड्स सहित सभी कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराएं। एसपी ने कहा कि सभी संचालक होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों की कम से कम दो आईडी जरूर लें। बिना आईडी कार्ड के किसी भी व्यक्ति को कमरा न दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें। यदि कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रुके, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक वारदात को समय से पहले रोका जा सकें। एसपी ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए पुलिस के प्रयासों की जानकारी दी और सभी से सहयोग की अपील भी की। उन्होंने कहा की जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम रोज डोर टू डोर जाकर नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशा बेचने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें।

**मौसम के जल्द साफ होने की संभावना नहीं, आज भी अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान**

# आसमान में दिनभर छाए रहे बादल, तापमान चढ़ने से उमस बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

अगस्त माह के अंत में भी बूंदाबांदी और हल्की बारिश लगातार हो रही है। बादल छाने के साथ ही बिखराव वाली बारिश हो रही है। तापमान बढ़ने से उमस भरी गर्मी एक बार फिर परेशान करने लगी हे। मौसम के लगभग एक सप्ताह तक साफ होने के आसार नहीं है। बादलों के बीच शुक्रवार को हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। वीरवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर के समय कुछ समय तक बादल साफ हुए, तो तेज धूप ने गर्मी का प्रकोप बढ़ाना शुरू कर दिया। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 34.0 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 2.0 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 22.0 डिग्री दर्ज किया गया। हवा में नमी 80 प्रतिशत तक रही, जबकि गति 10 किमी प्रति घंटा दर्ज की गई। बादलों के बीच धूप निकलने के कारण उमस भरी गर्मी ने तीन दिन बाद एक बार फिर लोगों को जमकर परेशान किया। कूलरों की हवा बेअसर साबित हो गई। दिन भर लोग पसीना-पसीना होते रहे। शाम के समय बादल एक बार गहरा गए, जिससे बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बन गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम में बदलाव आने की संभावना नहीं है। इस दौरान बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अगले दो-तीन दिनों में मध्यम से भारी बारिश भी हो सकती है। तापमान में उतार-चढ़ाव निरंतर देखने को मिलेगा।



रेवाड़ी। एक खेत में खराब होने लगी बाजरे की फसल। फोटो :हरिभूमि

**फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ी**

बार-बार होने वाली बरसात से खरीफ फसलों बाजरा और कपास दोनों के खराब होने की आशंका बढ़ने लगी है। बाजरे की फसल जमीन पर गिरना शुरू हो गई। खड़ी फसल का रंग बदलने लगा है। बाजरे का दाना भी रंग बदलने लगा है। पौधे काले पड़ने शुरू हो गए हैं, जिससे पशुचारा भी खराब हो सकता है। कपास की अगेती फसल में रुई बननी शुरू हो गई है। बारिश के कारण उसका रंग पीला पड़ सकता है, जिससे किसानों को फसल का अच्छा भाव नहीं मिलेगा। अगर मौसम इसी तरह का बना रहा, तो इससे दोनों फसलों को नुकसान की आशंका बनी रहेगी।

**बिजली की खपत में आ रही कमी**

बार-बार बारिश के कारण कृषि क्षेत्र में बिजली की डिमांड काफी कम हो चुकी है। अगस्त माह के शुरू में भारी गर्मी के चलते बिजली की खपत बढ़कर 90 लाख यूनिट तक पहुंच गई थी। इस समय मौसम अनुकूल रहने के कारण बिजली की खपत लगभग 60 लाख यूनिट के आसपास चल रही है। इससे लोगों को अनावश्यक पावर कटों से राहत मिली हुई है। रात के समय बिजली का लोड अपेक्षकृत कम दर्ज किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं को पार्टी में मिलेगा पूरा सम्मान

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी ने कहा कि पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। वह सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन का मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। छावड़ी अपने कार्यालय में आए कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। युवा नेता अजीत तोंगड़ ने अपने साथियों सहित कार्यालय पहुंचकर सुभाष छावड़ी का सम्मान किया।

### टांकली गांव में मेला व खेल प्रतियोगता आज

**बावल।** टांकड़ी गांव में भादाई छठ के अवसर पर 29 अगस्त को मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। मेले के दौरान लगने वाले भंडारे में प्रसाद वितरण होगा। मेला प्रबंधक कमेटी के अनुसार मेले में लड़कों की कबड्डी एवं कुश्ती, लड़के-लड़कियों की ऊंची एवं लंबी कूद, बुजुर्गों की दौड़ प्रतियोगिताएं होंगे ।

### दिगंबर जैन दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े दशलक्षण महापर्व का शुभारंभ वीरवार को हो गया। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व के लिए नगर के सभी जैन मंदिरों को सजाया गया और भव्यता प्रदान की गई। सभी मंदिरों में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की और नृत्य किए। मॉडल टाउन स्थित भगवान आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में दशलक्षण महामंडल विधान का आयोजन किया गया। जयपुर से संगीत पार्टी के साथ पधारे आकाश जैन शास्त्री के सान्निध्य में हो रहे महामंडल विधान से पूर्व प्रातः भगवान का अभिषेक, शांति धारा व नित्य नियम पूजा हुई। आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भाग लिया।

### एनसीबी का नशा हटाओ-भविष्य बचाओ अभियान जारी

# नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं बल्कि एक सामाजिक अभिशापः सुरेश

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से आयोजित कार्यक्रम में लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




**रेवाड़ी।** लोगों को नशे दूर रहने की शपथ दिलाती एनसीबी टीम। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से हरियाणा को नशामुक्त प्रदेश बनाने के संकल्प व कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एनसीबी जिला यूनिट की ओर से वीरवार को सेक्टर-5 स्थित लेबर चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को नशे को समाज से जड़ से मिटाने की शपथ दिलाई गई। रेवाड़ी यूनिट के डीएसपी गजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में एएसआई सुरेश कुमार ने बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों को नशे के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने लोगों से नशे को समाज से उसी तरह बाहर फेंकने की अपील की, जैसे हम अपने घरों से गंदगी बाहर फेंकते हैं। एनसीबी टीम ने बताया कि हरियाणा सरकार का नमक-लोटा अभियान और साइकलोथॉन जैसी पहलें समाज के सभी वर्गों को इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही हैं। नशा मुक्ति अभियान एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षण संस्थान और आम जनता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। एनसीबी टीम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर कहीं भी नशा बिकता दिखाई दे या नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी जानकारी मिले, तो वे बिना किसी डर के भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन या हरियाणा एनसीबी के टोल फ्री नंबर 90508-91508 पर तुरंत सूचना दें।

#### किया जागरूक

इस मौके पर सुरेश कुमार ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभिशाप है, जो परिवारों को तोड़ता है और समाज की नींव को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत किसी भी व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है।



**रेवाड़ी।** नार्को समन्वय कमेटी व चन्हित अपराध की समीक्षात्मक बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

## मादक पदार्थों से मुक्ति दिलाने को सकारात्मक व प्रभावी कदम उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि युवा शक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए सही दिशा दिखाकर नशा मुक्त रेवाड़ी बनाने में प्रशासन सक्रिय भूमिका अदा कर रहा है। नशे के खिलाफ जन जागरूकता से आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा लघु सचिवालय सभागार में नार्को समन्वय कमेटी की समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे। इस मौके पर डीसी ने एसपी हेमेंद्र मीणा के साथ पुलिस विभाग की ओर से उठाए गए कदमों की समीक्षात्मक चर्चा की। डीसी ने कहा कि जिला नार्को समन्वय कमेटी के अधिकारी जिला को मादक पदार्थों से मुक्ति दिलाने के लिए सकारात्मक व प्रभावी कदम उठाएं।

#### चिन्हित अपराधों की भी समीक्षा

डीसी मीणा ने कहा कि जिले में चिन्हित अपराधों के मामले में जिला न्यायवादी पीड़तिं की पैरवी कर उन्हें कोर्ट में न्याय दिलाएं। इन मामलों में पुलिस विभाग की टीमें दोषियों को गिरफ्तार करने में तत्परता दिखाए। दोषी को उसके किए गए अपराध की सजा अवश्य मिलनी चाहिए। डीसी ने चिन्हित अपराध के मामलों में की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि चिन्हित अपराध में गंभीर किस्म की आपराधिक घटनाओं को शामिल किया जाता है। इनमें जिला न्यायवादी व पुलिस विभाग दोषियों को सजा दिलाने में किसी प्रकार की कोताही न बरते।

## करनावास, मॉडल टाउन व सेक्टर-4 की ग्रीन बेल्ट से कब्जे हटवाने के निर्देश

- डीसी अभिषेक ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी अभिषेक मीणा

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचना आवश्यक है। समाधान शिविर में आई अधिकतर शिकायतों का संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही निपटान किया गया। गांव करनावास, मॉडल टाउन व सेक्टर-4 की ग्रीन बेल्ट में अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों को जांच करते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। शहर के लक्ष्मी नगर में पेयजल की शिकायत पर डीसी ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पाईप लाइन सही करने व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कालूवास व शास्त्री नगर में गंदे पानी की निकासी के लिए अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, नगराधीश जितेन्द्र कुमार, डीएसपी जोगेन्द्र शर्मा, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान व डीआरओ प्रदीप देशवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जियो फेसिंग एप के विरोध में भूख हड़ताल

- डॉक्टर्स व स्वास्थ्यकर्मी, बोले ये उनकी निजता का हनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** जियो फेसिंग एप के विरोध में हड़ताल पर बैठे डॉक्टर्स व कर्मचारी।

वीरवार को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी के बैनर तले नागरिक अस्पताल में डॉक्टर्स, नर्स व लैब टेक्नीशियन सहित सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सरकार के जियो फेसिंग हाजरी के फरमान के विरोध में सांकेतिक भूख हड़ताल की। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग की एचसीएमएस एसोसिएशन, डेंटल सर्जन एसोसिएशन,लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन, एमएचएम कर्मचारी संघ एवं बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की भागेदारी रही। भूख हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग की प्रत्येक यूनियन से 2-2 सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार की ओर से हाजरी के लिए अनिवार्य किए गए जियो फेसिंग एप का पुरजोर विरोध किया। सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की हाजिरी के लिए जियो फेंसिंग सिस्टम शुरू कर दिया है, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग में लगे सभी कर्मचारियों की हाजिरी एप से लगाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सरकार के इस फैसले को रद करने की लगातार मांग लगातार कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कहा कि जियो फेसिंग हाजिरी उनकी निजता का हनन हैं तथा इससे साइबर सुरक्षा का भी काफी रिस्क हैं। डा. दीपक वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार उनके मोबाइल में जियो फेंसिंग ऐप इंस्टॉल करा रही है, जिससे एप इंस्टॉल करने में रिस्क रहता है। एप इंस्टॉल करने से उनकी सूचनाएं किसी के पास भी पहुंच सकती है, जिसका कोई भी मिसयूज कर सकता है। एचसीएमएस की प्रधान डा. सुधा यादव ने कहा कि ये ऐप सेफ नहीं है। इसके लिए सरकार ने हमें कोई अलग से मोबाइल नहीं दिया है, कोई अलाउंस भी जारी नहीं हुआ है। इसलिए कोई कर्मचारी इसका रिस्क नहीं लेना चाहता है।

#### भूख हड़ताल में ये शामिल

भूख हड़ताल में एचसीएमएस से डा. सुधा यादव, डा. दीपक वर्मा, डा. विद्यासागर, नर्सिंग से कांता कुमार और रमन कुमार, एमपीएचडब्ल्यू से राजबाला और माया, एनएचएम संतोष और अजय कुमार, लैब टेक्नीशियन से रमेश कुमार और प्रवीन, फामेर्सी से सतीश यादव, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन से संतोष, रेडियोग्राफर यूनियन से सुरेंद्र और संदीप, ओटी से ज्ञानेंद्र व संदीप तथा एचकेआरएन से सुरेंद्र और रतन शामिल थे।

## भिवानी के मनीषा हत्याकांड के दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** मनीषा को श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

गांव बुड़ाना में भिवानी जिले की ढाणी लक्ष्मण की शिक्षिका मनीषा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मनीषा को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की अध्यक्षता चौधरी ओमप्रकाश व धर्मपाल ने की। इस मौके पर शहीद भगत सिंह यादगार कमेटी के अध्यक्ष कॉमरेड रमेश चंद्र व मास्टर प्रेम प्रकाश बुड़ाना ने मनीषा हत्याकांड की कड़ी निंदा की तथा दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था एकदम फेल हो चुकी है। आए दिन एक पर एक महिलाओं व बच्चियों पर अत्याचार की घटनाएं घट रही है, परंतु प्रदेश की सरकार इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। सरकार ने घटना की जांच सीबीआई को तो सौंप दी है, लेकिन आमजन की मांग है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर रोक लगाने के लिए सरकार कड़े कदम उठाएं। नौजवानों में उच्च संस्कृति पैदा करने को महापुरुषों, समाज सुधारकों, क्रांतिकारियों व साहित्यकारों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। मौके पर मास्टर प्रेम प्रकाश, नवल सिंह, चौधरी ओम प्रकाश, मीरू, धर्मपाल, चौधरी कृष्ण कुमार, चिरंजीलाल, मानसिंह, कृष्ण, मीर सिंह, बिल्लू, महेश, नीरु, सुमित्रा, विद्या, सुमन, बबीता, पूनम, इंद्र, सुनीता ,संतोष, मीना, सविता,सरला व सुशीला सीहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर 73 दिन से धरने पर बैठे ग्रामीण



**रेवाड़ी।** सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना वीरवार को 73वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। धरने पर रामगढ़ भगवानपुर के अलावा गांव तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, सुनारिया, फदनी, मीरपुर, मांढैया कला, गोकलपुर, डाबड़ी, डोहकी, मुंढलिया, ढाकिया, बालियर खुर्द व जाटी सहित अनेक गांवों के ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा जब तक मांग को नहीं माना जाएगा, तब तक धरना जारी रहेगा। सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि अस्पताल की जमीन का प्रस्ताव सरकार की तरफ से आया था न कि गांव ने पहल की थी और अब स्वास्थ्य मंत्री का कहना है कि अस्पताल पुरानी जगह पर ही बनेगा, अगर पुरानी जगह पर बनाना था तो पहले बाहर शिफ्ट करने का प्रस्ताव क्यों किया गया। सरकुलर रोड पर अक्सर लंबा जाम रहता है तथा मरीज को अस्पताल पहुंचने में परेशानी होती है। इस मौके पर कॉमरेड राजेन्द्र सिंह, शेर सिंह मीरपुर, उदयराज नंबरदार, सुधीर कुमार एडवोकेट, महीपाल फदनी, इन्द्रजीत फदनी, एडवोकेट रमेश चंद, अभय सिंह, प्रताप सिंह, सत्यवीर, सतीश सरपंच बुड़ानी, मोहर सिंह, रामकुमार, इंद्रजीत नंबरदार, रामशरण रामगढ़, वीरेंद्र सिंह फोजी, कृष्णा सरपंच भगवानपुर, रमेश, शकुंतला, बसंती, शांति, मीना, ग्यारसी, कमलेश, ममता, राजबाला, निर्मला मंजू, कमला व गीता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचायत विभाग ने खाली कराए अवैध कब्जे, भारी पुलिस बल रहा तैनात

- कब्जा हटने से मार्ग चौड़ा हो गया ग्रामीणों ने राहत की सांस ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना



**रेवाड़ी।** गंगायचा अहीर में अवैध कब्जे हटाते हुए।

बेरली कलां से मोतला खुर्द के बीच सड़क के दोनों ओर मुख्य मार्ग पर किए कब्जों को वीरवार को पंचायत विभाग की टीम ने हटवा दिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ। इस मुख्य मार्ग पर कई प्रभावशाली लोगों ने ईंधन व गोबर डालकर कब्जा जमाया हुआ था। इससे मुख्य मार्ग संकीर्ण हो गया था। आवागमन में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कुछ ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध कब्जे हटवाने के लिए शिकायत दर्ज कराई हुई थी। पंचायती राज के एसडीओ ओमप्रकाश के नेतृत्व में वीरवार को पुलिस बल के साथ टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद जेसीबी मशीन से रास्ते को अतिक्रमणमुक्त करा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण कोई भी कब्जाधारी विरोध करने के लिए आगे नहीं आया, जिससे कब्जा कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। कब्जा हटने से मार्ग चौड़ा हो गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस की ली है।

#### गंगायचा अहीर में भी हटाए कब्जे

पंचायत विभाग की ओर से वीरवार को गंगायचा अहीर में भी अवैध कब्जे हटवाए गए। पंचायती जमीन पर प्रभावशाली लोगों ने पक्के निर्माण किए हुए थे। पूर्व में जमीन की पैमाइश कराई गई थी। कब्जाधारकों को नोटिस भी दिए गए थे, लेकिन उन्होंने खुद कब्जा खाली नहीं किया। विभाग की टीम ने गांव में किए गए कब्जों को पुलिसबल की मौजूदगी में तुड़वा दिया।

### उपायुक्त ने लघु सचिवालय सभागार में ली बैठक, दिए निर्देश

# वार्ड स्तर पर होगी स्वच्छता अभियान की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले के शहरी क्षेत्र रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा को साफ सुथरा रखना हम सब की जिम्मेदारी है। स्वच्छता अभियान के तहत सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करते हुए साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें तथा क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखते हुए सुखद वातावरण बनाने में अपनी सामाजिक भूमिका अदा करें।

डीसी वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में वार्ड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक में एडीसी राहुल मोदी व सीटीएम जितेन्द्र कुमार भी मौजूद थे। डीसी मीणा ने कहा कि आगामी 11 सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता स्वच्छता अभियान में जिले के शहरी क्षेत्र के सौंदर्यकरण व सुधारीकरण पर फोकस रखना है। उन्होंने कहा कि सप्ताह में करीब दो दिन अपने-अपने वार्डों का निरीक्षण करें। वार्ड पार्षद सहित अन्य गणमान्य लोगों को साथ लेकर गलियों में सफाई व्यवस्था का आंकलन करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अभियान के तहत नोडल अधिकारी रोड़, गलियों में कूडा करकट, नालों व सीवरेज लाइन की सफाई तथा स्ट्रीट लाइट के कार्य कराएं। डीसी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के शहरों को साफ-सुथरा बनाएं रखने के लिए वार्ड वाईज एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी प्रातः 6 से 9 अथवा सायं 6 से 9 अपने-अपने वार्ड में विजिट करेंगें। उन्होंने कहा कि वार्ड में सबसे अच्छा कार्य कराने वाले नियुक्त नोडल अधिकारी को सम्मानित भी किया जाएगा।

#### वार्ड स्तर पर नियुक्त किए नोडल अधिकारी

शहर के वार्डों की सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए वार्ड एक में एचएसवीपी के संपदा अधिकारी दीपक घनघस, वार्ड-2 में जिला नगर योजनाकार मंदीप, वार्ड-3 में उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त रोहताश गिल, वार्ड-4 में उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त प्रीति चौधरी, वार्ड-5 में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डा.अशोक रावत, वार्ड-6 में डीएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता कुलदीप नेहरा, वार्ड-7 में जिला वन अधिकारी दीपक प्रभाकर पाटिल, वार्ड-8 में हैफेड के जिला प्रबंधक प्रवीण कुमार, वार्ड-9 में जिला उद्योग केन्द्र रेनू बाला, वार्ड-10 में मिकाड के कार्यकारी अभियंता विकास, वार्ड-11 में महिला एवं बाल विकास पीओ शालू यादव, वार्ड-12 में सहायक श्रम आयुक्त पवन, वार्ड-13 में एईटीओ कराधान परमजीत, वार्ड-14 में नायब तहसीलदार निर्वाचन अजय यादव, वार्ड-15 जिला सांख्यिकी अधिकारी देवीदास, वार्ड-16 में खण्ड शिक्षा अधिकारी जाटूसाना अरविंद कुमार, वार्ड-17 में रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता, वार्ड 18 में उप-निदेशक कृषि जितेन्द्र, वार्ड-19 में एईटीओ आबकारी सुरेन्द्र घीयाल, वार्ड -20 में नायब तहसीलदार श्याम सुंदर, वार्ड-21 में महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज निरंजन शर्मा, वार्ड-22 में एईटीओ कराधान नीरज गर्ग, वार्ड-23 में जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल, वार्ड-24 में उप निदेशक पशुपालन नसीब सिंह, वार्ड-25 में जिला उद्यान अधिकारी मनदीप, वार्ड-26 में एईटीओ कराधान विकास जाखड़, वार्ड-27 में तहसीलदार रमन कुण्डू, वार्ड-28 में नायब तहसीलदार डहीना रिंकु यादव, वार्ड -29 में उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा, वार्ड-30 में उप निदेशक खेल गौरव सोलंकी, वार्ड नंबर 31 में जिला अग्निशमन अधिकारी नितेश भारद्वाज को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## महिलाओं को नई उड़ान देगी दीनदयाल योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** वंदना पोपली।

- भाजपा की जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने बताया

भाजपा की जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने कहा भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 2100 की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ परिवार और समाज में महिलाओं की भूमिका को और अधिक मजबूत करना तथा बेटियों और माताओं के सम्मान को और ऊंचा उठाना है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हमेशा से संकल्प रहा है कि समाज की महिलाएं आत्मनिर्भर हों और गर्व के साथ जीवन जी सकें। इस योजना के अंतर्गत बेटियों और माताओं को दी जाने वाली प्रतिमाह 2100 की आर्थिक सहायता केवल एक राशि नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रति सम्मान, सशक्तिकरण और उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प है। दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से घर-परिवार में महिलाओं की भूमिका और मजबूत होगी तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का नया आत्मविश्वास मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### यादव सभा का नि:शुल्क हेल्थ कैंप व बैठक 31 को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 31 अगस्त को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाएं देने के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएंगी। सभा के प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. तरुण यादव गुर्दारोग विशेषज्ञ मेडिसिन, डा. पार्थ यादव हड्डीरोग, डा. प्रद्युम्न यादव सर्जरी, डा. अजीत सिंह यादव चर्मरोग व डा. गौतम यादव नेत्ररोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

कोसली। कोसली रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार रात एक व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मालगाड़ी के ड्राइवर ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर की सूचना के बाद मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस चरखी दादरी ने मृतक के पास मिले मोबाइल से मृतक के चाचा को फोन कर मौके पर बुलाया। चाचा रितेश ने उसकी पहचान मध्यप्रदेश के दमोह जिले के सुनबरा गांव निवासी अपने भतीजे अभिषेक के रूप में की। रितेश ने बताया कि वह कई सालों से कोसली की विश्वकर्मा कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे हैं तथा मेहनत महादूरी का काम करते हैं। उनका एक अन्य साथी शेखर भी उसी मकान में किराये पर रहता है।

### केशव नगर में विवाहिता ने लगा लिया फंदा

नारनौल। सिंघाना रोड स्थित केशव नगर गली नंबर तीन में करीब 27 वर्षीय एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की पहचान करीब 27 वर्षीय सुमन देवी पत्नी सचिन कुमार के रूप में की गई है तथा उसने अपने घर पर ही फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है, जबकि शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।


## संस्थाओं की ओर से गणेशोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा

# गणपति उत्सव में राधा-कृष्ण व हनुमान जी की झांकियों में श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़

■ झांकियों के मंचन के लिए बाहर से कलाकारों को आमंत्रित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में भगवान श्री गणेश के उत्सव की धूम शुरू हो गई है। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से गणेश उत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। गणेश उत्सव समिति की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनमोहक झांकियों का मंचन किया जा है। झांकियों के मंचन के लिए बाहर से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। बुधवार रात्रि को सेक्टर-3 स्थित श्री कृष्ण मंदिर में कलाकारों ने राधा-कृष्ण की झांकियां पेश की तथा अनेक भजनों पर नृत्य कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सनग्लो स्कूल के अध्यक्ष डा. वीपी यादव व निदेशिका शारदा यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम में सोनू चक्रधारी आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने अनेक भजनों पर नृत्य से समां बांधा। युवा मंडल के गणेश उत्सव में निर्मल, निक्कू, अविनाश, मयंक, जतिन चुघ, डब्बू, चिंटू, रविंद्र, प्रवीण, नितेश व महिला मंडल की प्रधान शकुंतला यादव ने सहयोग दिया।



रेवाड़ी। सेक्टर-3 के गणेश उत्सव में तथा टीपी स्कीम के गणेश उत्सव झांकी का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### बजाओ ढोल स्वागत में मेरे घर राम आए पर झूमे श्रद्धालु

शहर की कॉलोनी टीपी स्कीम-9 में गणेशोत्सव के मौके पर भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे। एक तरफ जहां मेरे घर में पधारो गणपति जी गाकर उन्हें निमंत्रण दिया गया, वहीं हनुमानजी जी ने बजाओ ढोल स्वागत में मेरे प्रभु राम आए हैं गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। समिति के मीडिया प्रभारी व कार्यक्रम संचालक गोपाल शर्मा ने बताया कि टीपी स्कीम कांप्लेक्स कार्यक्रम की शुरूआत पार्षद सुरेश शर्मा ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित करके की। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं से उत्सव को सफल बनाने की अपील की। श्रीगणेश व हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में आयो अंजनी मां को लाल, छोटो सो वानर हठ कर गय्यो, सवामणी का लाडू चट कर गयो, दमक दम बाजै डमरु, प्रभु जानते हैं बात घट-घट की, बजाय जा तू प्यारे हनुमान चुटकी सहित अनेक गीतों पर कलाकारों संग श्रद्धालुओं ने जमकर लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से गणपति बप्पा से संबंधित प्रश्नोत्तरी भी पूछी गई। समिति संरक्षक सतीश अग्रवाल व प्रधान विनय मलिक ने विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।




रेवाड़ी। सेक्टर-3 के गणेश उत्सव में झांकी का मंचन करते कलाकार, सेक्टर-3 के गणेश उत्सव में उपस्थित श्रद्धालु तथा टीपी स्कीम के गणेश उत्सव में झांकी का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

# छात्राओं से हाथ का कौशल सीखने व छोटे व्यवसाय से जुड़ने का आह्वान

■ अगले 7 दिनों तक महाविद्यालय छात्राओं को प्लेसमेंट से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में वीरवार को प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में सात दिवसीय उद्यमिता पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में काजल अग्रवाल असिस्टेंट मैनेजर जेएसडब्ल्यू कंपनी बावल उपस्थित थी। उन्होंने छात्राओं को एंटरप्रेन्योरशिप के विषय में जानकारी दी तथा घर से ही छोटे-छोटे व्यवसाय व्यापार शुरू करने के लिए अपने अनुभव साझा किए। कॉलेज प्राचार्य डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को हाथ का कौशल सीखने व छोटे-छोटे व्यवसाय से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्लेसमेंट सेल की संयोजक डा. रितु चौधरी ने बताया कि अगले 7 दिनों तक महाविद्यालय छात्राओं को प्लेसमेंट से जुड़े विभिन्न विषयों पर जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर डा. राजेश कुमारी, डा. सुचेता, जोगिंदर सिंह व प्रियंका सहित कॉलेज के अनेक स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थित रही।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### आज कोसली व डहीना में समस्याएं सुनेंगे विधायक

कोसली। कोसली के विधायक अनिल यादव 29 अगस्त शुक्रवार को सुबह 10 बजे नाहड़ रोड स्थित अपने कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। विधायक अनिल यादव अमेरिका प्रवास और विधानसभा के मानसून सत्र में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद अपने कार्यक्षेत्र में वापस लौट आए हैं। शुक्रवार को वे कोसली में नाहड़ रोड स्थित अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सुबह दस से 12 बजे तक कोसली में समस्याओं की सुनवाई करने के बाद विधायक डहीना के बीडीपीओ कार्यालय में दोपहर दो से शाम 4 बजे तक जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारी व अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# जेपीएस में ओलंपियाड प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ-साथ मेडल दिए गए। स्कूल से बारहवीं पास करने वाली हिमांशी को फाउंडेशन की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन पर नकद पुरस्कार भी दिया गया। स्कूल स्टाफ व प्रबंधन समिति ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाए दीं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि साइंस ओलंपियाड फाउंड़ेशन की ओर से अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भाविका मणिकर्णिका, सिया मेहता, आर्षवर्धन जैन, पुनीता. चैतन्या, रितीक जैन, ऋषभ, ओजसवीर, मान्या जैन, जयांश व मयंक जैन को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में सामाजिक विज्ञान की विभागाध्यक्षा स्नेह कोशिक को उनके श्रेष्ठ योगदान के लिए जिले का उत्कृष्ट अध्यापक सम्मान दिया गया। इस उपलब्धि पर प्रबंधन समिति के साथ-साथ प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा व उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दीं।


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि



### विकास स्कूल के तीन छात्रों का स्टेट लेवल में चयन

रेवाड़ी। महेंद्रगढ़ रोड पर स्थित विकास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में लक्ष्य, अंडर-14 फुटबॉल में देवांश व अंडर-17 कबड्डी में अभिषेक का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इस उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन देवेंद्र यादव ने स्कूल के सभी छात्र व छात्राओं से विजेता छात्रों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया तथा सभी विद्यार्थियों को खेलों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# आरपीएस समूह की तीन टीमों ने जोनल स्तर विज्ञान क्विज के लिए किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की ओर से वीरवार को जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जिले की 26 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आरपीएस समूह से आरपीएस रेवाड़ी, आरपीएस धारूहेड़ा एवं आरपीएस कोसली ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जोनल स्तर के लिए क्वालीफाई किया। जोनल स्तर की प्रतियोगिता में गुरुग्राम, फरीदाबाद, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़, पलवल एवं नूह जिले शामिल होंगे, जहो प्रत्येक जिले से पोच टीमों का चयन किया जाएगा। इस उपलब्धि पर आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव एवं सीईओ मनीष राव ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।


रेवाड़ी। आरपीएस की विजेता टीम शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

### भारतीय स्वदेशी का प्रयोग करें तो हिंदुस्तान को दुनिया का सिरमौर बनने से कोई रोक नहीं सकता : अशोक

कोसली। गांव बव्वा में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान समिति के तत्वाधान में चल रहे 15 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 14वें दिन वीरवार को मुख्य योग शिक्षक अशोक नावदी ने योग शिविर में योगिंग जागिंग, सूक्ष्म व्यायाम, मंडूकासन, वज्रासन, मकरासन, भुजंगासन, धनुरासन, सर्वांगासन, हलासन आदि आसनों के अतिरिक्त भस्त्रिका, कपालभाति, बाह्य, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीत प्राणायामों का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि यदि सभी भारतीय स्वदेशी का प्रयोग करें तो हिंदुस्तान को दुनिया का सिरमौर बनने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि विदेशी कोल्डड्रिंक सहित सभी प्रकार के विदेशी उत्पाद का बहिष्कार करना होगा। उसकी जगह नींबू पानी, नारियल पानी, मौसमी जूस, लस्सी, दूध आदि पेय पदार्थों के सेवन करने से देश के किसानों को लाभ होगा। योग से व्यक्ति का निर्माण, व्यक्ति से समाज का निर्माण, समाज से राष्ट्र का निर्माण, राष्ट्र से युग निर्माण का रास्ता प्रशस्त होगा। शिविर में पूर्व सरपंच सूरत सिंह पहलवान, सतबीर, जितेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, रामोतार जोगी, बाबूलाल आर्य, राजकुमार शास्त्री, राजेश शास्त्री, सुनील, श्रीभगवान पंच, अशोक यादव, राजेंद्र, जितेंद्र आर्य, मुकेश, आशा, बिना आर्या व कमला सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260


रेवाड़ी। एडीसी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए स्कूल निदेशक। फोटो : हरिभूमि

# विद्यालयों में चल रहे अभियानों की प्रगति पर की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राज इंटरनेशनल स्कूल में शहर की स्वच्छता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी एवं डीएमसी ब्रह्मप्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में डिप्टी डीईओ राजेंद्र शर्मा, बीईओ रेवाड़ी राजेश कुमार, बीईओ जाटूसाना अरविंद यादव, बीईओ नाहड़ राजेंद्र यादव, बीईओ खोल संतोष तंवर तथा डीएसएस रीनू यादव भी मौजूद थे। इस मौके पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में चल रहे स्वच्छता संबंधी अभियानों एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिलेभर के 60 से अधिक विद्यालयों के प्राचार्यों ने भागीदारी की। राज इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी तथा निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी और हेमंत सैनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप कुमार ने बताया कि छात्रों को नियमित रूप से पौधारोपण, स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता गतिविधियों में शामिल किया जाता है। विद्यालय के निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि छात्रों को निरंतर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे न केवल बीमारियों की रोकथाम होती है, बल्कि एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण एवं जिम्मेदार समाज का निर्माण होता है। यह पहल विद्यार्थियों में स्वच्छता की आदतों को विकसित करती है, जैसे कि कचरे को सही स्थान पर डालना एवं सार्वजनिक स्थलों को साफ रखना, जिससे स्वच्छ एवं सुदृढ़ समाज की स्थापना संभव होती है।

### किसानों को खेती की नई तकनीकों व जैविक खेती की दी जानकारी

रेवाड़ी। भारतीय किसान संघ की ओर से खंड बावल की ग्राम समिति के लिए शिव मंदिर गज्जीवास में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता शहरी अध्यक्ष सूबेदार सुबे सिंह ने की। संभाग संगठन मंत्री महेंद्र सिंह ने संगठन की रीति-नीति के बारे में चर्चा की तथा पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री दशरथ सिंह चौहान ने सभी को संगठन का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। जिला पालक व प्रदेश जैविक प्रमुख डा. देवेंद्र यादव ने वर्तमान समय में खेती में नई तकनीक व जैविक खेती को लेकर चर्चा की। शिविर का संचालन जिला अध्यक्ष कृपाराम शर्मा ने किया। वेद प्रकाश नंबरदार, नितेश कंवाली व सत्यवान सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## अनिल यादव ने कॉलोनियों को नियमित करने की मांग उठाई

# जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो : विधायक

■ गांवों में पानी की निकासी के लिए नई ड्रेन का निर्माण कराया जाए

■ भारी बारिश के कारण किसानों की बाजरा आदि की फसलें बर्बाद हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



कोसली के विधायक अनिल यादव ने कोसली विधानसभा क्षेत्र में फसलों की विशेष गिरदावरी कराकर किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हलके में जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान कराया जाए। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विधायक ने हलके की प्रमुख मांगों को रखते हुए कहा कि इस समय कई गांव जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। इन गांवों में पानी की निकासी के लिए नई ड्रेन का निर्माण कराया जाए। भारी बारिश के कारण किसानों की बाजरा आदि की फसलें बर्बाद हुई हैं। उनकी विशेष गिरदावरी के आदेश जारी किए जाएं। विधायक अनिल यादव ने कोसली बाइपास बनवाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यहां जमीन के कम दाम तय किए जाने के कारण परियोजना अधर में लटकी हुई है। इसलिए जमीन के राजस्व नियम अनुसार दाम बढ़ाकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरा किया जाए, ताकि धनिया रोड से नाहड़ रोड़ तक नया बाइपास बन सके। विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान शून्य काल में मुख्यमंत्री के समक्ष कोसली में परिवहन विभाग का सब डिपो व बस स्टैंड का निर्माण कराने, एक ईएसआई डिस्पेंसरी, कोसली बाजार का अंडरपास बनवाने, मसीत गांव में आईटीआई, औलांत गांव में मंडी सब यार्ड, गांव कंवाली में हॉकी अकेडमी व एस्ट्रो टर्फ बिछाए जाने, गांव टहना दिपालपुर में सरसों का एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाने तथा डहीना खंड को सब डिवीजन का दर्जा दिए जाने की मांग रखी। विधायक ने कोसली हलके की पांच हजार एकड़ भूमि में आईएमटी को मंजूरी प्रदान करने और इसे स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कोसली शहर व आसपास के क्षेत्र में बसी कॉलोनियों को नियमित किए जाने का मुद्दा भी उठाया।